समाचार

# महापौर ने किया विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण




कोरबा 06 जून 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री एस. जयवर्धन, अपर आयुक्त अशोक शर्मा के साथ प्रगतिरत विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने मुड़ापार तालाब सौदंर्यीकरण व विकास कार्य, इमलीडुग्गू गौमाता चौक से बरबसपुर तक किए जा रहे सड़क मरम्मत व जीर्णोद्धार कार्य, सी.एस.ई.बी. चौक से दर्री बराज तक बनाई जा रही फोरलेन सड़क, गेरवा पुल बाईपास रोड के पास राताखार में प्रस्तावित नाला निर्माण, पम्प हाउस में प्रस्तावित गोठान आदि स्थलों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

यहां उल्लेखनीय है कि प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष पहल पर कोरबा चांपा मुख्य मार्ग में इमलीडुग्गू गौमाता चौक से बरबसपुर चौक तक ढाई करोड़ रूपये की लागत से सड़क मरम्मत व जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है। आज महापौर श्री प्रसाद ने उक्त कार्य का निरीक्षण किया, उन्होने कार्य में और अधिक तेजी लाने, पानी निकासी हेतु ड्रेन निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, साथ ही बरबसपुर चौक से पहले उक्त मार्ग पर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु निर्मित किए जा रहे कलवर्ट निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। इसी प्रकार मुड़ापार तालाब का किए जा रहे सौदंर्यीकरण, गहरीकरण व विकास कार्य का निरीक्षण किया, तालाब स्थित घाट का विस्तार करने के साथ ही कार्यो में आवश्यक तेजी लाने के निर्देश दिए। तालाब के समीप बस्ती स्थित नाले का सेक्शन बढ़ाकर उसकी चौड़ाई बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि नाले से पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित हो सके, इसके साथ ही उन्होने नाले का जीर्णोद्धार करने के भी निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान दर्री रोड स्थित अग्रसेन तिराहा के विकास कार्य में तेजी लाने तथा सड़क के किनारे स्थित अनुपयोगी विद्युत खंभे को हटाने के निर्देश भी दिए। इसी प्रकार उन्होने गेरवा पुल बाईपास रोड के पास राताखार में बरसाती पानी की निर्वाध निकासी के लिए प्रस्तावित नाला निर्माण कार्य स्थल एवं पम्प हाउस में प्रस्तावित गोठान निर्माण स्थल का भी जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, आर.के.भोजासिया, पूर्व पार्षद रामगोपाल यादव व मनकराम साहू, एस.मूर्ति आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

**अशोक वाटिका का किया भ्रमण** – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज प्रातः आयुक्त श्री एस.जयवर्धन, डी.एफ.ओ. श्री गुरूनाथन एन., अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, के साथ अशोक वाटिका का भ्रमण किया। इस दौरान अशोक वाटिका में जनसुविधाओं की दिशा में आवश्यक विकास कार्य करने, सुविधाओं को बढ़ाने, नई सुविधाएं देने आदि पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। डी.एफ.ओ. श्री गुरूनाथन ने बताया कि अशोक वाटिका के विकास एवं जनसुविधाओं के मद्देनजर यहां पर अनेक विकास कार्यो की योजना तैयार की गई है, जिसमें बटरफ्लाई गार्डन, राशि आधारित पेड़–पौधेयुक्त स्टार्स गार्डन, उद्यान के आंतरिक पाथवे का निर्माण, शौचालय, स्टोर रूम, कैंटिन सहित अन्य विकास कार्य प्रस्तावित हैं, इसके अतिरिक्त अशोक वाटिका उद्यान में महिला एवं पुरूषों के लिए पृथक–पृथक ओपनजिम, योगा प्राणायाम हेतु स्थल का विकास, पानी निकासी हेतु नाली का निर्माण, बंद पड़े फाउंटेन को चालू करने, उद्यान के अंदर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का कार्य करने, एक्युप्रेशर पाथवे सहित अन्य कार्यो की आवश्यकता को देखते हुए तत्संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। अशोक वाटिका में भ्रमण के दौरान अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, वरिष्ठ नागरिक श्रीकांत बुधिया, राजकुमार अग्रवाल, भोलू अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, श्यामसुंदर अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, आर.के.टी.सी., रामस्वरूप मोदी, जवाहर अग्रवाल, राधेश्याम बंसल, बी.एन.सिंह, अमरेश सिंघानिया, एस.मूर्ति, रामगोपाल यादव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।